
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,6 मई 2026

## सुविचार



यदि कोई व्यक्ति अपने धन को ज्ञान अर्जित करने में खर्च करता है, तो उससे उस ज्ञान को कोई नहीं छीन सकता। ज्ञान के लिए किये गए निवेश में हमेशा अच्छा प्रतिफल प्राप्त होता है। - बेंजामिन फ्रेंकलिन

## बरेली के प्रमुख समाचार


- मकान का विवाद... युवक की जहरीले पदार्थ से मौत, पथराव-II
- 18 बोरों में सील किए ओवरहेड टैंक के नमूने-III
- हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार... विनती बारम्बार-IV


# अफसरों के गोलमोल जवाबों पर भड़के सांसद व विधायक

## दिशा की बैठक में सड़कों की बदहाली पर पीडब्ल्यूडी-पीएमजीएसवाई अफसरों को फटकार , समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विकास भवन के सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार और नीरज मौर्य ने पीडब्ल्यूडी और पीएमजीएसवाई के अभियंताओं को जमकर आड़े हाथों लिया। सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के नाम पर बनने वाली सड़कों को अफसर और ठेकेदार मिलीभगत से कलंकित कर रहे हैं। उन्होंने 42 करोड़ की लागत से बनी आंवला-भमोरा सड़क की बदहाल पर एक्सईएन राजीव अग्रवाल से सवाल-जवाब किए। वहीं, पीएमजीएसवाई की एक्सईएन के लिए कहा कि इनकी काम में रुचि नहीं है। इनकी लापरवाही से दस सड़कों का लोकार्पण निरस्त करना पड़ा।




दिशा की बैठक में मौजूद सांसद छत्रपाल गंगवार, मंत्री डॉ . अरुण कुमार,अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

सड़कों के मुद्दे पर नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने एनएचएआई के अधिकारियों को घेरते हुए उनके जवाबों को 'लीपापोती' करार दिया। कहा कि नवाबगंज की मुख्य सड़क की लाइटें खराब हैं, हर बार अफसर गोलमोल जवाब देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। पिछली बैठक में भी खराब लाइटों का मुद्दा उठाया था, इस पर एनएचएआई के एक्सईएन अश्विन चौहान ने कहा कि पोल से एक व्यक्ति की मौत होने की वजह से बिजली विभाग कनेक्शन नहीं दे रहा है। इस पर विधायक और बिफर पड़े, कहा कि यह गोलमाल जवाब देते हैं। अध्यक्षता करते हुए सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि शीघ्र लाइटें ठीक कराकर हमें अवगत कराएं, ताकि हम इसे चेक करा सकें।

भदपुरा ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि मधुनगला से फतेहगंज तक की सड़क एक साल में ही बदहाल हो गई। जब जेई ने इसके लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जिम्मेदार बताया, तो सांसद ने इस दावे को झूठा करार दिया। बैठक में अवैध खनन व भुगतान में भेदभाव का मुद्दा भी उठा। मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने

- जनप्रतिनिधियों ने लाइटें खराब होने, अवैध खनन समेत कई मुद्दों को जोरशोर से उठाया

अवैध खनन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बड़े माफिया को संरक्षण मिल रहा है, जबकि अपने घर के लिए दो ट्रॉली मिट्टी ले जाने वाले किसानों को पुलिस व राजस्व विभाग परेशान कर रहा है। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने आरसीएल कंपनी की ओर से खेत से मिट्टी उठाने के बाद किसानों का भुगतान रोकने का मामला उठाया। उधर, नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायतों को भेजा गया निर्माण सामग्री का करीब साढ़े तीन करोड़ का बजट, इसलिए वापस चला गया, क्योंकि अफसरों ने केवल चयनात्मक आधार पर कुछ खास प्रधानों का भुगतान किया। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि 80 फीसदी अल्पसंख्यक वाले गांवों का भुगतान किए जाने का मामला उनके संज्ञान में भी आया है। इस पर सीडीओ ने बताया कि जिसका एफटीओ पहले लगता है, उनका भुगतान पहले होता है। समाज कल्याण विभाग की लापरवाही पर भी जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई और कैंपों की सूचना एक सप्ताह पूर्व देने के निर्देश दिए। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय आदि मौजूद रहे।

### समाज कल्याण की भूमि होगी चिह्नित

बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने समाज कल्याण विभाग की अनदेखी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फरीदपुर समेत अन्य तहसीलों में विभाग की सैकड़ों बीघा जमीन लावारिस पड़ी है, जिसकी विभाग को खबर तक नहीं है। डीएम ने जमीनों के चिह्नीकरण का आश्वासन दिया है।

### डूडा में बहुत धांधलेबाजी है, संपत्तियों की होगी जांच

बैठक में प्रधानमंत्री शहरी योजना में भ्रष्टाचार को लेकर भी कई जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की। खुद सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि इसमें बहुत धांधलेबाजी हो रही है। डूडा के अभियंता नवीन से जब सवाल किया तो वह गोलमाल जवाब देते दिखे। इस पर कहा कि शहर के साथ कस्बों में जो लोग संपन्न हैं, कुछ सभासदों ने उसने पैसे ऐंठकर आवास आवंटित करा दिए। सांसद ने साफ कहा कि डूडा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक गरीबों से आवास के नाम वसूली कर रहे हैं। इस पर डूडा के इंजीनियर नवीन ने कहा कि उनको इसकी जानकारी नहीं है। इस पर सांसद ने कहा कि डूडा के कर्मियों की संपत्तियों की जांच कराई जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### न्यायिक कार्यों में आ रही समस्याएं सीजेएम को बताईं

**बरेली, विधि संवाददाता :** एडवोकेट बार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में सीजेएम से मिलकर न्यायिक कार्यों में आ रही बाधाओं पर चर्चा की। सरचिव गौरव सिंह राठौर ने सीजेएम को बताया कि न्यायिक अधिकारियों की ओर से लंच के बाद चैंबर में कार्य करने से वकीलों को परेशानी होती है। प्रतिनिधिमंडल ने न्यायालयों में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए आरक्षित कुर्सियों की व्यवस्था करने और जमानत प्रकिया को सरल बनाने की मांग की। साथ ही, रेलवे कोर्ट में जमानत धनराशि और प्रोविजनल जमानती स्वीकृति की समस्या से भी अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अचल सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह यादव, संरक्षक संजय वर्मा व अंगन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जूडो चैंपियनशिप में छात्र का शानदार प्रदर्शन, जीता मेडल

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** ब्लाइंड एंड डेफ जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल जूडो चैंपियनशिप-2026 में सेंट पॉल स्कूल, फरीदपुर के छात्र जीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल अपने नाम किया। 25 अप्रैल को हुई इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सेंट पॉल स्कूल की नर्सरी कक्षा के मात्र 4 वर्षीय छात्र जीत ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया और पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### सफाई कर्मियों ने एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपा। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल वर्मा की अगुवाई में वासु कुमार, शिवसागर बृजेश कुमार, राम श्री आदि ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया लंबे समय से कर्मचारियों को सफाई उपकरण किट नहीं मिल पा रही है।

### सहायक आयुक्त खाद्य राहुल सिंह ने पदभार ग्रहण किया

**बरेली, अमृत विचार :** शासन ने सहायक आयुक्त (खाद्य)-II राहुल सिंह को संभल से बरेली में नियुक्त किया है। राहुल सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम अविनाश सिंह से मुलाकात कर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। वहीं, विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी।

## शहर में आज

- बरेली बार एसोसिएशन के सदस्य अन्तरिक्ष सक्सेना का मांगों को लेकर धरना बड़ा वकालत खाना पर दोपहर 1:30 से 2:30 तक।
- बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 से 11, 12 से 2 और 3 से 5 बजे तक।
- सपा कार्यालय पर मासिक बैठक दोपहर 12 बजे।

# हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा हितैषी पंचायत उत्सव भवन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकों व सामाजिक आयोजनों के लिए जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में हितैषी पंचायत उत्सव भवन का निर्माण होगा। प्रशासन के निर्देश पर तहसीलों में करीब 3000 वर्गमीटर भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसकी जिम्मेदारी राजस्व विभाग के साथ पंचायती राज विभाग व जिला पंचायत को दी गई है।

ब्लॉक स्तर पर बीडीओ को भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रस्तावित भवनों में एक साथ करीब 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इनका उपयोग पंचायत बैठकों, सरकारी कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों के लिए किया जाएगा। भवनों में दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए अलग से सुविधाएं और कमरे भी बनाए जाएंगे। प्रत्येक पंचायत उत्सव भवन के निर्माण पर डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।



- तहसील स्तर पर 3000 वर्गमीटर जमीन चिह्नित करने में जुटा प्रशासन
- एक भवन निर्माण पर खर्च होंगे डेढ़ करोड़, दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम

# महादेव व श्यामगंज पुल से टपकता रहता है गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कुतुबखाना से कोहाड़ापीर को जाने वाले महादेव पुल से नीचे की ओर से गंदा पानी टपक रहा है। इसकी वजह से दुकानदारों और आमजन को परेशानी हो रही है। मुख्य समस्या पानी निकासी के लिए लगाए पाइपों के गंदगी से पट जाने, उनके टूटने व सही ढंग से काम न करने की है, जिससे पुल के नीचे से गुजरना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि पाइप चोक होने के कारण बारिश के बाद गंदा पानी सीधे नीचे गिरता है, जिससे बाजार में आने-जाने वाले लोगों और दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई जगह पाइप टूटने से पानी अनियंत्रित रूप से टपकता रहता है, जिससे आसपास गंदगी फैलती है और व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। धार्मिक स्थलों पर जाने वाले लोगों को भी इस समस्या के कारण असुविधा हो रही है। ऐसी ही स्थिति श्यामगंज क्षेत्र के पुल के नीचे भी देखी जा रही है, जहां पाइपों के चोक और क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी लगातार गिरता रहता है, मगर शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पाइपों की सफाई, मरम्मत और उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि पुल के नीचे से गंदा पानी न आ सके। जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त हो सके।



पाइप टूटने पर पुल से गिर रहा पानी।




पुल से पानी टपकने के कारण लोगों को होती है परेशानी। ● अमृत विचार

- जलनिकासी को कई जगह लगे पाइप चोक या क्षतिग्रस्त
- राहगीर व दुकानदारों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा



घर से साफ-सुथरे निकलते हैं, लेकिन श्यामगंज पुल से नीचे को टपकता गंदा पानी कपड़ों को खराब कर देता है। यह समस्या कई स्थानीय दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। **फयाज**, चाय विक्रेता



जब बारिश ज्यादा होती है तो समस्या और बढ़ जाती जाती है। पुल का गंदा पानी निकालने के लिए डाला गया पाइप कई जगह से क्षतिग्रस्त है। इसकी वजह से गंदा पानी कई बार ग्राहक पर ही गिर जाता है। **इरफान**, राहगीर



श्यामगंज पुल के नीचे जगह-जगह गंदा पानी टपकने से काफी दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है। कई बार तो नमाज पढ़ने के लिए जब निकलते हैं तो गंदे पानी के छीटे कपड़ों को खराब कर देते हैं। **जावेद**, व्यापारी



श्यामगंज और कोहाड़ापीर पुल के नीचे टूटे पाइपों से टपकता गंदा पानी राहगीरों और व्यापारियों के लिए मुसीबत बन गया है। करोड़ों की लागत के बावजूद ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त है। लोग गंदगी और बदबू से परेशान हैं। -**लविश**, व्यापारी

# बोतलें नष्ट करने को लगाई क्रशर मशीनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर प्लास्टिक कचरे को खत्म करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 20 क्रशर मशीनें लगाई जा रही हैं। इनमें से दो मशीनें स्टेशन पर लगा दी गई हैं। रेलवे को प्रयोग की गई बोतलों में दोबारा पानी भर कर बेचने की शिकायतें मिल रही थीं।

गर्मी में पानी की मांग काफी बढ़ जाती है। यात्री बड़ी संख्या में बोतलबंद पानी खरीदते हैं, जबकि कई लोग वाटर एटीएम से भी बोतलों में पानी भरते हैं। उपयोग के बाद इन प्लास्टिक बोतलों को अक्सर प्लेटफॉर्म या रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया जाता है, जिससे स्टेशन परिसर में गंदगी फैलती है और पर्यावरण पर भी असर पड़ता है। कई बार ट्रैक पर फेंकी गई बोतलों के कारण सीवर लाइन चोक हो जाती है। इसके अलावा कचरा बीनने वाले इन बोतलों को उठाकर दोबारा उपयोग में लाते हैं और बिना साफ-सफाई के उनमें पानी भरकर बेचते हैं, जो यात्रियों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए रेलवे प्रशासन ने बोतल क्रशर मशीनें लगाने का निर्णय लिया है। इन मशीनों में इस्तेमाल की जा चुकी प्लास्टिक बोतलों को तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा, जिससे उनका दोबारा उपयोग संभव नहीं होगा और स्टेशन परिसर साफ-सुथरा बना रहेगा।




- जंक्शन पर 20 क्रशर मशीनें आईं जिनमें दो लगाई गईं
- पानी की इस्तेमाल हो चुकीं बोतलें की जाएंगी नष्ट

> 18 बोतल क्रशर मशीनें आ चुकी हैं इनमें दो मशीनें लगा दी गई हैं। अन्य मशीनें भी जल्द ही स्टेशन के अलग-अलग प्लेटफार्मों पर स्थापित की जाएंगी। इसके लिए रेलवे ने एक निजी संस्था के साथ अनुबंध भी किया है। इससे स्टेशन को साफ रखने में मदद मिलेगी।
>
> **- मोहम्मद इमरान,** मुख्य वाणिज्य निरीक्षक

# जिले के 1.90 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उठे विवाद पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने विभाग को निर्देश जारी किए हैं। इसके चलते जिले के 1.90 लाख बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उपभोक्ता एक से 30 तारीख के बिल का भुगतान आगामी दस दिनों के अंदर करेंगे। उपभोक्ताओं को एसएमएस और वाट्सएप के माध्यम से बिल भेजा जाएगा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए थे। जिले में साढ़े आठ लाख उपभोक्ताओं में से 1.90 लाख के यहां स्मार्ट मीटर लगा दिए गए थे। इससे उपभोक्ताओं में रोष था। आरोप था कि मीटर तेज चल रहे हैं। बिल अधिक आ रहा है। अचानक बिजली गुल हो रही है। पांच से छह घंटे के बाद सप्लाई शुरू हो रही है। हेल्पडेस्क पर सबसे अधिक शिकायतें स्मार्ट मीटर की ही पहुंच रहीं थी। अब नई व्यवस्था के तहत सभी उपभोक्ताओं के स्मार्ट प्रीपेड मीटर अब सामान्य पोस्ट-पेड मीटर की तरह काम करेंगे, पूर्व की भांति महीने की एक से 30 तारीख का बिल अगले 10 दिन में मैसेज के द्वारा मिलेगा। तय समय सीमा में भुगतान करना आवश्यक है।


- स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उठे विवाद पर ऊर्जा मंत्री ने दिए निर्देश, नहीं कटेगी बिजली

# फाल्टों से शहर के कई इलाकों में बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फॉल्ट व भूमिगत केबल में खराबी के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली न मिल पाने से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

कुतुबखाना, हरुनगला, मिशन कंपाउंड, डीडीपुरम, परसाखेड़ा, जगतपुर, शाहदाना, सीबीगंज, दुर्गा नगर, सुभाष नगर और किला जैसे उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में एक साथ कई शिकायतें दर्ज की गईं। कहीं पोल से सप्लाई ठप रही तो कहीं एक फेज गायब रहा। कई इलाकों में लो और हाई वोल्टेज की समस्या भी सामने आई, जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान का खतरा बढ़ गया। उपभोक्ताओं के अनुसार, बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। कई स्थानों पर 4-5 घरों की सप्लाई पूरी तरह बंद रही, जबकि कुछ क्षेत्रों में न्यूट्रल लाइन न आने की समस्या भी सामने आई। सोमवार शाम 4 :51 बजे से लेकर रात तक लगातार शिकायतें दर्ज होती रहीं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही के कारण छोटे फॉल्ट भी बड़े संकट में बदल रहे हैं।



- लोगों ने दर्ज कराईं शिकायतें झेलनी पड़ी परेशानी

### तापमान में गिरावट गर्मी से मिली राहत

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में सोमवार को हुई बारिश से मंगलवार को भी मौसम सुहाना रहा। तापमान में गिरावट से गर्मी से राहत मिली। अधिकतम 31.2 व न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवाओं के चलते दिन में भी गर्मी का असर कम रहा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार आगामी दिनों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। हल्की हवाएं चलने के साथ दिन में धूप निकलने का अनुमान है। जिससे तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। फिलहाल, भीषण गर्मी से राहत जारी रहने के संकेत हैं।

### आज इन स्थानों पर प्रभावित रहेगी बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि इज्जतनगर उपकेंद्र पर बुधवार को 33 केवी तार बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कारण गोपाल नगर, जेल रोड, आईडब्लूपी समेत अन्य क्षेत्रों की आपूर्ति सुबह 10 .30 से दोपहर चार बजे तक पूर्ण या आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। इसी तरह सीबीगंज उपकेंद्र पर अतिरिक्त पांच एमवीए का पावर परिवर्तक को स्थापित कराने का कार्य होगा। सीबीगंज क्षेत्र के रसियावाद, बरेली प्रथम, करगैना, रेलवे प्लांट, बिधौलिया, कैंफर स्टेट, चार्जिंग स्टेशन आदि की आपूर्ति पूर्वाह्न 11 से दोपहर 1 बजे तक प्रभावित रहेगी।

# कंट्रोल रूम से सीएचसी व पीएचसी की होगी निगरानी

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने तहसील मुख्यालयों पर होने वाले जनता दर्शन की लाइव मॉनिटरिंग शुरू करने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग को भी इसी दायरे में लाने की तैयारी कर ली है।

जल्द सीएचसी व पीएचसी पर भी लाइव मॉनिटरिंग शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी स्वयं कंट्रोल रूम से डॉक्टरों की उपस्थिति, मरीजों के उपचार और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। इसके लिए डीएम कार्यालय में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है, जिसके माध्यम से विभिन्न तहसीलों और स्वास्थ्य केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। इससे लापरवाह या अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। डीएम ने स्पष्ट किया है कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप यह व्यवस्था लागू की जा रही है।



डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

**सुविधा** — नगर निगम में सॉफ्टवेयर का ट्रायल सफल, शहर के लाखों करदाताओं को होगी राहत

# एआई खत्म करेगा टैक्स बिलों की हेराफेरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की संपत्ति कर व्यवस्था में करीब पौने दो लाख करदाताओं को राहत देते हुए नगर निगम ने बिलिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लिया है। शासन की ओर से तैयार कराए गए इस विशेष सॉफ्टवेयर का ट्रायल पूरा हो चुका है, जो अब पुराने ढर्रे पर चल रहे टैक्स विभाग को डिजिटल रफ्तार देगा।

दरअसल, बीते दो-तीन सालों में नगर निगम का कर विभाग शिकायतों का केंद्र बन गया था। पुराने सॉफ्टवेयर की तकनीकी कमियों के चलते किसी का क्षेत्रफल ज्यादा दर्ज हो जाता था, तो किसी को लाखों का फर्जी बिल थमा दिया जाता था। इस अव्यवस्था से न केवल आम जनता नाराज थी, बल्कि निगम की छवि भी धूमिल हो रही थी।

बार-बार संशोधनों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई थी। अब एआई तकनीक लागू होने से टैक्स निर्धारण के लिए वास्तविक तस्वीरें और फ्लोर की सटीक जानकारी सॉफ्टवेयर में अपलोड की जाएगी।

एआई इन तस्वीरों और डेटा का मिलान कर खुद-ब-खुद हाउस, वाटर और सीवर टैक्स की गणना कर बिल जनरेट कर देगा। इस पारदर्शी व्यवस्था से जहां एक ओर निगम के राजस्व में वृद्धि की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर करदाताओं को सही बिल प्राप्त होंगे। शहर के लाखों करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। फिलहाल, इस दिशा में तेजी से कार्य आगे बढ़ रहा है।

- पुराने सॉफ्टवेयर की तकनीकी कमियां दूर कर पारदर्शी बिलिंग को शासन ने बदला सिस्टम



> लंबे समय से करदाताओं को तकनीकी खामियों के कारण गलत बिल मिल रहे थे, जिससे काफी असुविधा हो रही थी। अब शासन की ओर से उपलब्ध कराए गए एआई आधारित सॉफ्टवेयर से यह समस्या स्थायी रूप से खत्म हो जाएगी। नए सिस्टम में मकान की फोटो और सटीक क्षेत्रफल फीड होने से पारदर्शिता आएगी।
>
> **पीके द्विवेदी,** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम

# सात बीघा जमीन के लालच में मुंहबोले बेटे ने की शारदा की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शारदा यादव वरुण को बेटे की तरह मानती थीं। यही भरोसा उन पर भारी पड़ गया। सात बीघा जमीन के लालच में वरुण पाराशरी ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, शारदा यादव ने कभी वरुण को जमीन देने की बात कही थी। इसी बात को सच मानकर वह लालच में आ गया। जब शारदा के पति ने जमीन उसके नाम करने से इनकार कर दिया, तो वह नाराज हो गया और हत्या की साजिश रच डाली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वादा करके कोई मुकर कैसे सकता है। उसने कबूल किया कि जमीन न मिलने से गुस्से में उसने यह कदम उठाया। जांच में सामने आया कि शनिवार को वरुण ने शारदा को बहाने से बुलाकर अगवा किया और उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद उसने शारदा की चेन छिपा दी, जिसे पुलिस ने उसके घर से बरामद कर लिया।


आरोपी वरुण।

- शारदा आरोपी वरुण पाराशरी को बेटे की तरह मानती थीं, उसी ने भरोसे का खून कर दिया
- सात बीघा जमीन नाम करने का बनाता था दबाव, इंकार पर किया कत्ल
- शारदा के मोबाइल से कॉल कर बेटी को करता रहा गुमराह, पुलिस ने जेल भेजा

पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने शारदा के मोबाइल फोन से उनकी बेटी को देहरादून और लखनऊ में कॉल किए, ताकि लगे कि वह जिंदा हैं और कहीं बाहर गई हैं। मृतका के बेटे विवेक यादव ने बताया कि उनकी मां वरुण पर बहुत भरोसा करती थीं और उसे बेटे जैसा मानती थीं। उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि वह इतना बड़ा धोखा दे सकता है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### सीसीटीवी ने किया खुलासा

विवेक और परिवार के लोग शारदा की तलाश में सब जगह भटक रहे थे। इसी बीच उन्होंने सिटी स्टेशन के पास एक सीसीटीवी चेक किया तो पता चला की वरुण उनकी मां को कार में बैठाकर ले जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने जब अपने हिसाब से पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने सच बता दिया।

### कार में मिले थे खून के निशान

वरुण की कार जिला अस्पताल के पास खड़ी मिली थी। जब परिजनों ने उस कार की तलाशी ली तो कार में खून के छींटे दिख रहे थे। इसके साथ ही कार में रखे टायर के पाने पर खून लगा था। इसके बाद परिवार को शक हुआ और फिर पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया।

> आरोपी वरुण की निशानदेही पर सोमवार शाम महिला का शव बरामद कर लिया गया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी का कहना था की उसे जमीन चाहिए थी जिसे शारदा यादव दे नहीं रही थीं। इसलिए उनकी हत्या कर दी।
>
> – **मानुष पारीक**, एसपी सिटी

### नगर निगम का अफसर बताकर बढ़ाई जान पहचान

विवेक यादव ने बताया की दो साल पहले आरोपी खुद को नगर निगम में अधिकारी बताकर उनके घर आया था। उसने तब हाउस टैक्स माफ करने की बात कही थी। इसके बाद वह आए दिन घर आने लगा। उसने परिवार को अहसास कराया कि वह बहुत अच्छा लड़का है। उसने परिवार का विश्वास जीता और विश्वासघात कर दिया।

### नहीं था कोई पश्चाताप

शारदा को मां कहकर बुलाने वाले वरुण ने जमीन के लिए उनकी हत्या कर दी और शव को जहानाबाद में फेंक दिया। उसके चेहरे पर हत्या करने का कोई पश्चाताप नहीं था। वह उन्हीं के परिवार के साथ रहकर लगातार गुमराह करता रहा। पुलिस के गिरफ्तार करने के बाद भी उसके चेहरे पर शिकन नहीं थी।

## पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने में 13 को नोटिस जारी

**बरेली, अमृत विचार:** कैंट क्षेत्र में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।घटना में शामिल 13 लोगों को नोटिस देकर चेतावनी के साथ छोड़ दिया, जबकि मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर कैंट संजय धीर ने बताया कि दो दिन पहले कुछ लोगों ने कैंट इलाके में सदर बाजार में बाइक से पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। पुलिस ने जांच की तो पता चला की इमरान के कहने पर नारेबाजी की की गई थी। 14 लोगों की पहचान की गई जिनमें नाबालिग होने पर 13 लोगों को नोटिस देकर छोड़ दिया गया। वहीं, आरोपी इमरान पुत्र अशफाक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी प्रेमी के साथ फरार, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया, कि सुबह करीब 11 बजे उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बहन अचानक घर से कहीं चली गई। तलाश करने पर पता चला, कि गांव का ही सूरज उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। दोपहर किशोरी का भाई आरोपी के घर जानकारी हेतु गया। वहां उसके भाई सनी, शिवा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने कैंट थाने में उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### चोरों ने घर से नकदी व जेवरात चुराए

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम समुहा में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी और जेवरात पार कर दिए। घटना 3 मई की देर रात करीब 2 :30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित शमशाद अहमद पुत्र अजीज अहमद के अनुसार, चोर उनके घर में घुस आए और सन्दूक व अलमारी के ताले तोड़ दिए। इसके बाद अंदर रखी नगदी और कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने कोतवाली नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि चोरी गए सामान की विस्तृत सूची अलग से पुलिस को सौंपी जाएगी। पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज का जांच शुरू कर दी है

### युवक को पीटा, फायरिंग करने का भी आरोप

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सुन्डयावा निवासी दिनेश कुमार गन्ना सोसायटी गेट के पास अपने घर के बाहर बैठा था, तभी उसे फोन कर बुलाया गया। आरोप है कि मौके पर पहुंचते ही दबंगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने दहशत फैलाने के लिए तमंचे से दो फायर भी किए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस मामले में दिनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अनूप जेलदार पुत्र फरीद सिंह, सचिन गंगवार निवासी नांद पसिया, राजा गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता निवासी कबाड़खाना रोड और आशीष गंगवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मकान का विवाद... युवक की जहरीले पदार्थ से मौत, पथराव

## मां बोली- बेटे पर मकान नाम कराने का दबाव डालती थी बहू, पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मकान नाम कराने को लेकर चल रहे विवाद के बीच युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बहू और उसके मायके पक्ष पर मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया, जिसके चलते युवक अवसाद में आ गया था। वहीं बहू पक्ष का आरोप है कि मकान के विवाद में उसके ही परिजनों ने जहरीला पदार्थ खिला दिया जिससे मौत हो गई। इसे लेकर दोनों पक्षों में पथराव हो गया जिसमें कई लोग घायल हो गए।

बारादरी थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर गली नंबर-7 निवासी पूरन देवी पत्नी स्वर्गीय रामनिवास ने बताया कि पति की कई वर्ष पूर्व मौत हो गई। बड़ा पुत्र शैलेंद्र अपने बच्चों के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। छोटे पुत्र दिलीप कुमार ने एक साल पूर्व बदायूं निवासी मुस्कान के साथ प्रेम विवाह किया था। उनका दो माह का


दिलीप की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- बहू के मायके वालों ने परिवार पर ही लगाया जहर देने का आरोप
- अशोक सम्राट नगर का मामला अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचे परिजन

> मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद हुआ था। 112 और चौकी पुलिस ने मामले को शांत कराकर शव का अंतिम संस्कार करा दिया।
>
> –**बिजेंद्र सिंह**, इंस्पेक्टर बारादरी

एक पुत्र है। पूरन देवी के अनुसार, कॉलोनी में मेन रोड पर उनका मकान है जिसमें दिलीप अपनी पत्नी के साथ रह रहा था।

वह खुद भमोरा थाना क्षेत्र के गांव गहर्रा में रहती है । दिलीप खेती और कपड़ों का काम करता था। पूरन देवी ने कहा कि मुस्कान मकान अपने नाम कराने के लिए दिलीप पर दबाव बनाती थी, जिसको लेकर आए दिन विवाद होता था जिससे दिलीप मानसिक तनाव में रहने लगा था। सोमवार को दिलीप बरेली से अपने गांव गहर्रा पहुंचा, जहां उसकी हालत सामान्य नहीं थी। मां के पूछने पर उसने कोई जवाब नहीं दिया और पानी मांगा। पूनम देवी पानी लेकर आईं, तब तक दिलीप जमीन पर गिर चुका था। आनन-फानन में उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं मुस्कान के चाचा सुनील ने आरोप लगाया कि सोमवार को दिलीप गांव गया था। वहां उसे परिवार के किसी सदस्य ने जहरीला पदार्थ खिला दिया। बहरहाल सोमवार की दोपहर में जब वह अशोक सम्राट नगर पहुंचे तो वहां दिलीप पक्ष के लोगों ने उन पर पथराव कर दिया। पथराव में छुट्टन, साहिल, शिवम, अमित समेत कई लोग घायल हो गए। किसी तरह पुलिस ने मामला शांत कराया। इसके बाद दिलीप का अंतिम संस्कार किया गया। दिलीप के अंतिम संस्कार में उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं हुआ।

## कैंट थाने से पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत दस्तावेज लेगी जीआरपी

**मौलाना तौसीफ प्रकरण**

**बरेली, अमृत विचार :** बिहार से बरेली उर्स में पहुंचे मौलाना तौसीफ रजा की मौत मामले में पत्नी ने पीट-पीट कर हत्या करने की रिपोर्ट राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में दर्ज कराई है। जीआरपी कैंट थाने से पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज लेकर जांच का आगे बढ़ाएगी। साथ ही स्टेशन और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

बिहार के किशनगंज निवासी तबस्सुम खातून ने जीआरपी थाने में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 अप्रैल को उनके पति तौसीफ रजा बरेली के उर्स ताज्जुशरिया में शामिल होकर रात 9:45 बजे योग नगरी ऋषिकेष ट्रेन से वापस आ रहे थे। पति से रात करीब 09:45 बजे बात भी हुई। आरोप लगाया कि ट्रेन में कुछ लोगों ने मारपीट कर धक्का दे दिया जिससे उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जीआरपी ने जांच तेज कर दी है। थाना प्रभारी जीआरपी जंक्शन एसके वर्मा ने बताया कि कैंट थाने से पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

# मुठभेड़ में गोतस्कर के पैर में लगी पुलिस की गोली


मुठभेड़ में घायल तस्कर वसीम अहमद को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारादरी पुलिस ने भरतौल रोड पर की घेराबंदी, आरोपी से तमंचा व कारतूस बरामद
- सेमलखेड़ा का रहने वाला है वसीम अहमद, दर्ज हैं 14 आपराधिक मामले

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में गोतस्कर को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से तमंचा, कारतूस और खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

इंस्पेक्टर बारादरी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह तीन बजे पुलिस टीम हारुनगला-भरतौल रोड पर एफसीआई गोदाम के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर किए। आत्मरक्षा के लिए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने नाम वसीम अहमद निवासी सेमलखेड़ा थाना बारादरी बताया। पुलिस के अनुसार वसीम गोतस्कर है। उसके पास से तमंचा, कारतूस व दो खोखा बरामद हुए। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वसीम पर बरेली और शाहजहांपुर जनपद में गोकशी, लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट और आयुध अधिनियम समेत 14 गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# युवती की हत्या कर रामगंगा में फेंकने का आरोपी वकील गिरफ्तार

विधि संवाददाता, बरेली

- तीन साल पहले साथी अधिवक्ता की मदद से दिया घटना को अंजाम
- शादी का दबाव बनाने पर युवती का गला दबाकर की हत्या

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने तीन साल पहले युवती का शारीरिक शोषण करने और फिर उसकी हत्या कर शव रामगंगा में फेंकने के आरोपी वकील गौरव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


आरोपी गौरव कुमार।

पुलिस पूछताछ में बारादरी के पंचशील नगर निवासी गौरव ने बताया कि उसकी मुलाकात शाहजहांपुर की युवती से 2017 में एक मुकदमे की पैरवी के दौरान हुई थी। उसने युवती को वकील और फिर जज बनाने का सपना दिखाकर फंसा लिया और उसका एडमिशन लॉ कॉलेज व पीसीएस जे की कोचिंग में करा दिया।

आरोपी के अनुसार, इस दौरान उसने युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और गर्भवती होने पर उसका गर्भपात भी करवाया। विवाद तब शुरू हुआ जब 2023 में गौरव की शादी हो गई और उसने युवती से दूरी बनानी चाही। युवती ने शादी का दबाव बनाया और पुलिस में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराने के लिए अर्जी दे दी। इसके बाद 5 अगस्त 2023 को गौरव ने अपने एक साथी वकील की मदद से युवती को कचहरी बुलाया और पैसे देने के बहाने रामगंगा डैम पर ले गया। वहां शिकायत वापस लेने की बात पर विवाद बढ़ने पर गौरव ने कार के अंदर ही गला दबाकर युवती की हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक दिया। पुलिस के मुताबिक, इस सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपी वकील की गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है, क्योंकि उसके पास हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर है।

### छात्रा की आत्महत्या में बीडीसी सदस्य गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** मीरगंज थाना क्षेत्र में 27 अप्रैल को छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य जीशान को गिरफ्तार कर लिया है। कक्षा आठ में पढ़ने वाली लड़की का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला था। शुरुआत में इसे आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न की पुष्टि और शरीर पर चोट के निशान ने मामले को गंभीर बना दिया। पुलिस जांच और मृतका की छोटी बहन के बयानों से पता चला कि आरोपी जीशान अक्सर छात्रा का पीछा करता था और छोटी बहन को मुंह बंद रखने के लिए पैसों का लालच देता था। सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि जीशान के उत्पीड़न से आहत होकर छात्रा ने अवसाद में आत्महत्या करली। प्रभारी निरीक्षक मीरगंज संजय तोमर टीम ने मंगलवार जीशान को मीरगंज स्थित साप्ताहिक बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी जीशान।

## फर्जी दस्तावेज से मकान हड़पा, एसएसपी से लगाई गुहार

**बरेली, अमृत विचार:** थाना बारादरी क्षेत्र के पुराना शहर में एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान हड़पने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। साहिब हुसैन, निवासी रबड़ी टोला ने बताया कि उसके पिता जुल्फिकार हुसैन ने 1992 में पशुपति इन्क्लेव, जगतपुर क्षेत्र में 80 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदा था। इस पर उन्होंने दो मकान बनवाए। उनके पिता ने अपने परिचित मोहम्मद शफीक और मोहम्मद रफीक को एक-एक मकान देखभाल के लिए रहने को दिया। दोनों की मृत्यु के बाद उनके परिजन रहने लगे। एक मकान जरूरत पड़ने पर खाली कराने के बाद बेच दिया लेकिन दूसरे मकान में रह रहे लोगों ने घर खाली करने से इनकार कर दिया। आरोपियों ने फर्जी मुख्त्यारनामा, हिवानामा व रसीद दिखाकर मकान पर अपना अधिकार जताया। विरोध किया तो मोहम्मद अतीक, मोहम्मद तौफीक, परवेज, मो. आसिफ व अरशद ने मारपीट की।

# महिला से दुष्कर्म, वीडियो बना मांगे 50 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस क्षेत्र में संचालित एक जिम में महिला को प्री-वर्कआउट ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसका शारीरिक शोषण और अश्लील वीडियो बनाया गया। इसके बाद ट्रेनर महिला को ब्लैकमेल कर रुपयों की डिमांड करने लगा। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जिम संचालक और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

रामपुर गार्डन निवासी एक महिला ने सोमवार को तहरीर दी कि वह 2024 से सिविल लाइंस स्थित अल्टीमेट फिटनेस जिम में वर्कआउट करने जाती थी। जिम संचालक अकरम बेग उसे नियमित रूप से प्री-वर्कआउट ड्रिंक देता था। एक दिन उसने ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दिया जिससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसे जिम के एक कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और सीसीटीवी के जरिए अश्लील वीडियो बना ली। उसने कई बार ऐसा किया। इस काम में उसका भाई आलम भी सहयोग करता था। उसे इस साजिश का पता चला तो जिम जाना बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी उसे धमकाने लगा और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पहले 10 लाख रुपये और बाद में 50 लाख रुपये की मांग की। आरोपी ने पीड़िता से करीब 80 हजार रुपये वसूल लिए।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी जिम संचालक और उसका भाई। ● अमृत विचार

- जिम में प्री-वर्कआउट ड्रिंक में नशा देकर किया दुष्कर्म
- पुलिस ने जिम संचालक और उसके भाई को दबोचा

### एक आरोपी बिग लगाता है

अकरम और उसका भाई आलम जिम में महिलाओं को ट्रेनिंग दिया करते थे। आलम सिर में कम बाल होने के कारण बिग लगाता था। पुलिस दोनों के पास से मिले मोबाइल में और भी जानकारी जुटा रही है कि दोनों आरोपियों ने और महिलाओं को भी अपने जाल में फंसाकर ब्लैकमेल न किया हो।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस और मुखबिर की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दो पेनड्राइव, दो मोबाइल फोन, शक्तिवर्धक दवाएं, इंजेक्शन, गोलियां और 10 हजार रुपये बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे महिलाओं को नशीला पदार्थ पिलाते थे और शोषण कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते थे। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर आगे की जांच में जुटी है। सीओ सिटी, आशुतोष शिवम ने बताया कि जिम संचालक ने महिला को नशा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर रंगदारी मांगकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### युवतियों पर फब्तियां कसने वाला युवक पकड़ा, तमंचा बरामद

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि चौकी चौराहे की ओर एक युवक महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील टिप्पणियां कर रहा है। पुलिस को देख आरोपी भाग गया। मंगलवार को पुलिस ने कुतुबखाना स्थित मोटरसाइकिल पार्किंग के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवित्र तोमर निवासी मॉडल विलेज दोहनाके रूप में हुई है। उसने बताया कि वह दोस्तों पर रौब जमाने के लिए लड़कियों पर फब्तियां कसता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पहले भी बारादरी थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

**निर्देश** 9 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक

# समझौते के आधार पर निस्तारित करें लंबित वाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 9 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जनपद न्यायालय सभागार में बैठक हुई, जिसमें बैंकों के प्रबंधकों ने भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोक अदालत को सफल बनाने के लिए ऋण संबंधी और अन्य बैंक मामलों के अधिक से अधिक वादों का चयन करें। आपसी समझौते के आधार पर अधिकतम वादों का निस्तारण कराया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।


बैंक अफसरों के साथ बैठक करते जिला जज प्रदीप कुमार।

नोडल अधिकारी व अपर जिला जज उमा शंकर कहार ने बैंक अफसरों से अब तक चिह्नित किए गए वादों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि वे चिह्नित मामलों में जल्द से जल्द नोटिस प्रेषित करें, ताकि संबंधित पक्षकारों को समय पर सूचना मिल सके। प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि जनपद में 6 से 8 मई तक तीन दिवसीय 'विशेष लोक अदालत' का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लघु आपराधिक वादों का त्वरित निस्तारण करना है। आमजन से अपील है कि वह विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराएं।

- आज से लगेगी विशेष लोक अदालत, लघु आपराधिक व बैंक मामलों का होगा निस्तारण

## जेवर साफ करने के बहाने चेन ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में केमिकल से बर्तन साफ करने के बहाने दो युवकों ने महिला की चेन से सोना चुरा लिया। प्रगति नगर निवासी शेखर गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर दो युवक उनके घर पहुंचे और केमिकल से बर्तन साफ करने की बात कही। पहले उन्होंने पूजा का लोटा और फिर चांदी की चेन साफ कर दिखाई, जिससे परिवार का भरोसा जीत लिया। आरोपियों ने उनकी पत्नी के गले से करीब 22 ग्राम की सोने की चेन साफ करने के लिए उतरवा ली। केमिकल लगाते ही चेन काली पड़ गई। जब चेन का वजन किया गया तो वह 22 से घटकर महज 17 ग्राम रह गई। पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# चेकिंग में एबीवीपी नेताओं की पुलिस से नोकझोंक, हंगामा

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** वाहन चेकिंग के दौरान विवाद पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं की पुलिस से तकरार हो गई। भाजपा नेताओं ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। फिलहाल, मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

दरअसल, इज्जतनगर पुलिस मंगलवार को थाने के पास वाहन चेक कर रही थी। एबीवीपी के प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया का आरोप है कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक रोकी। पुलिस को उन्होंने अपना परिचय बताया, लेकिन पुलिस कर्मी ने बाइक की चाबी निकाल ली। जिसका विरोध किया। सूचना मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में बातचीत कर मामले को शांत कराया गया। इज्जतनगर थाना प्रभारी सुरेश कुमार गौतम ने कहा कि चेकिंग के दौरान कुछ गलतफहमी हो गई थी, जो बाद में दूर हो गई। मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।




- विवाद की सूचना पर वरिष्ठ पदाधिकारी भी पहुंचे, बातचीत से मसला निपटा

> पुलिस कर्मियों द्वारा गाड़ी रोकने को लेकर कुछ बातचीत हुई थी। मामला तुरंत निपट गया। अब कोई बात नहीं है।
>
> **आदेश प्रताप सिंह**, भाजपा जिलाध्यक्ष, आंवला।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर व जर्जर पोल से बताया खतरा

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र की बिजली समस्याओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश को पत्र लिखा है। लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं को पहले भी कई बार विभाग के संज्ञान में लाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि नेकपुर इलाके की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यहां कुंवर सुभाष पटेल के निवास के पास लगे पोल जर्जर हैं। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की। इसके अलावा नेकपुर क्षेत्र में लगा पुराना ट्रांसफार्मर वर्तमान लोड वहन करने में सक्षम नहीं है। ओवरलोडिंग के कारण बार-बार आपूर्ति बाधित होती है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुंवर रिसोर्ट के बाहर मुख्य मार्ग पर ट्रांसफार्मर सुरक्षा मानकों के विपरीत खुले और असुरक्षित स्थान पर लगा है। यह राहगीरों और आसपास के निवासियों के लिए खतरा बना हुआ है।

# 18 बोरों में सील किए ओवरहेड टैंक के नमूने

## लखनऊ से बरेली पहुंची स्पेशल जांच टीम ने ठेकेदार और इंजीनियरों से कई घंटे की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता: बरेली/भमौरा

**अमृत विचार:** सरदार नगर में सोमवार शाम ओवरहेड टैंक ढहने को लेकर शासन सख्त है। जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर मंगलवार सुबह लखनऊ से टेक्निकल ऑडिट टीम सीनियर टेक्नीशियन एडवाइजर विश्व दीपक और शशांक मिश्रा के नेतृत्व में आई। टीम ने ईंट, रोड़ा, सरिया, सीमेंट, रेता और चादर के नमूने लेकर 18 बोरों में सील किए। चादर के सैंपल कानपुर भेजे जा रहे हैं, जबकि अन्य सामग्री की जांच पीडब्ल्यूडी लखनऊ की प्रयोगशाला में कराई जाएगी।

जांच टीम ने न केवल सामग्री के नमूने लिए, बल्कि कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों और ठेकेदार को भी आड़े हाथों लिया। उनसे निर्माण की प्रक्रिया और तकनीक पर घंटों पूछताछ की। टीम में शामिल मुरादाबाद जोन के अभियंता आरबी राम और वीके लिटोरिया ने तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। टीम को हिदायत दी गई है कि वे 24 घंटे के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शासन को सौंपें। इधर, सोमवार देर रात ही निर्माणदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के खिलाफ एक्सईएन कुमकुम गंगवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि जिस कंपनी पर टैंक निर्माण में घटिया निसामग्री इस्तेमाल करने के आरोप हैं, उसी के अधिकारी नमूने लेने में शामिल हैं।

- चादर की जांच कानपुर में तो ईंट-सरिया की गुणवत्ता पीडब्ल्यूडी लैब लखनऊ में परखी जाएगी



कट्टों में निर्माण समाग्री के नमूने भरवाती लखनऊ से आई टीम। ● अमृत विचार



लखनऊ से आई टीम के साथ जलनिगम ग्रामीण की एक्सईएन कुमकुम गंगवार।

### सोमवार को बारिश के बाद ढह गया था ओवरहेड टैंक

**बरेली, अमृत विचार :** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरदार नगर में जल जीवन मिशन के तहत करीब 3 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बना नया वाटर टैंक सोमवार सुबह बारिश के बाद शाम को धराशायी हो गया। मलबे में दबकर डोरी लाल, अर्जुन, वीरपाल, रविंद्र और नन्कू उर्फ वेदपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में जल निगम ग्रामीण के जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया जबकि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सहायक अभियंता और अवर अभियंता की सेवाएं समाप्त कर दीं गई थीं। जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता के खिलाफ विभागीय जांच और अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार के खिलाफ नोटिस भी जारी किया गया। टीपीआई बीएलजी बरेली के सभी कर्मचारियों को हटा दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है। इस मामले में एनसीसी लिमिटेड और टीपीआई बीएलजी कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का नोटिस भी जारी किया गया है।

### नई सोच, नए सरोकार

## केपीआरसी कला केंद्र में छात्राओं ने अमृत विचार से बढ़ाया सामान्य ज्ञान



केपीआरसी कला केंद्र

**बरेली:** केपीआरसी कला केंद्र में मंगलवार को अमृत विचार की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व संदीप सिंह और सुमित शर्मा ने करते हुए छात्रों को अखबार के बारे में जानकारी दी। छात्रा आराध्या ने अमृत विचार अखबार पढ़कर सुनाया जिससे छात्रों में अखबार पढ़ने की प्रवृत्ति जाग्रत हुई। अन्य छात्राएं सादिया, अनुष्का, इंशा, सुहानी, लजीना, खुशबू, वैष्णवी, अनन्या, प्रगति, रागिनी सिंह आदि ने अखबार की जीवन में उपयोगिता और प्रतियोगी परीक्षाओं में भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षिका शालिनी वर्मा, कविता चौधरी, पारुल गुप्ता, बबिता राम, मंजूलता पाल, वचन सिंह, राजकुमारी आदि ने अखबार को बहुत उपयोगी बताया।

> अमृत विचार अखबार केपीआरसी कला केंद्र के बच्चों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में अखबार बड़ी भूमिका निभाते हैं क्योंकि इससे सामान्य ज्ञान बढ़ता है। इसके नियमित अध्ययन से भविष्य का निर्माण होता है।
> – दीपा शर्मा, प्रधानाचार्या



# खुद को एसआई बता शिक्षिका से युवक ने ठगे 22.50 लाख रुपये

कार्यायल संवाददाता, बरेली

- मैट्रिमोनियल साइट से शुरू हुआ संपर्क, आर्य समाज में की शादी
- मकान खरीदने और वाटर प्लांट के नाम पर ले लिए रुपये

**अमृत विचार:** बारादरी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने खुद को पुलिस में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) बताकर शिक्षिका को शादी का झांसा देकर करीब 22.50 लाख रुपये ठग लिए। इतना ही नहीं, रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी दी।

युवती ने बताया कि उसकी मुलाकात जनवरी 2026 में एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए रितिक काम्बोज से हुई। आरोपी ने खुद को पुलिस विभाग में एसआई बताकर विश्वास जीता और फोन पर लगातार बातचीत करता रहा। 21 फरवरी 2026 को दोनों की मुलाकात मेरठ के एक होटल में हुई, जहां आरोपी ने शादी का वादा किया। इसके बाद 25 फरवरी को आरोपी बरेली आया और पीड़िता को अपने साथ ले जाकर आर्य समाज, गाजियाबाद में शादी कर ली। इसके बाद आरोपी ने मकान खरीदने का झांसा देकर पहले 10 लाख रुपये खाते से निकलवाए, फिर अगले दिन 10 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से एक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि मकान युवती के नाम पर होगा, लेकिन बाद में टालमटोल करने लगा।

कुछ दिन बाद आरोपी ने अपने एक चाचा के पानी प्लांट के लिए 2.50 लाख रुपये और ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद भी वह बहाने बनाता रहा और संपर्क से बचता रहा। युवती को बाद में पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है, तब उसने अपने पैसे वापस मांगे। इस पर आरोपी ने धमकी दी वह रुपए नहीं देगा जो करना है कर लो। बताया कि आरोपी अपने साथ हथियार भी रखता है और इसी के दम पर धमकाता है। युवती ने क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकार के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# पोर्टल के जरिए खुद ऑनलाइन भरें जनगणना विवरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में स्व गणना अभियान 7 से रणनीति पर किया गया मंथन
- हर विभाग को लक्ष्य बनाकर अभियान चलाने के निर्देश

**अमृत विचार :** जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में 7 से 21 मई तक चलने वाले स्व गणना अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।

बैठक में बताया गया कि आम नागरिक अब जनगणना अधिकारी के घर आने से पहले ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व गणना कर सकते हैं। इससे डेटा संग्रह में तेजी आएगी और त्रुटियों में कमी होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की स्व गणना अनिवार्य रूप से कराएं और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।

डीएम ने कहा कि स्व गणना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और विभागवार अभियान चलाकर अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सभी उपजिलाधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लेखपालों, ग्राम सचिवों और नगर निगम कर्मियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया। डीएम ने बीएसए व डीआईओएस को निर्देश दिए कि शिक्षक वर्ग की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित कराई जाए। वहीं उच्च शिक्षण संस्थानों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को जोड़ा जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि आशा संगिनी, सीएचसी-पीएचसी और अस्पतालों में कैंप लगाकर लोगों की स्व गणना कराई जाए। डॉक्टरों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने जन सेवा केंद्र संचालकों को प्रशिक्षित कर उन्हें स्व गणना में शामिल करने के निर्देश दिए। पंचायत भवनों को सामाजिक संचार केंद्र के रूप में विकसित कर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। डीएम ने निर्देश दिए कि न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक समूहों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि स्व गणना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### राशन डीलरों को दिया जनगणना का प्रशिक्षण




**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देश पर तहसील सदर के ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राशन डीलरों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) प्रक्रिया के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि 7 से 21 मई तक स्व-गणना अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में कैंप लगाकर अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने साफ निर्देश दिए हैं कि अभियान की प्रगति की प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार कर एआरओ और पूर्ति निरीक्षक को उपलब्ध कराई जाए, ताकि निगरानी और समीक्षा प्रभावी ढंग से की जा सके।

# स्कूली वाहनों के मानक 15 तक पूरे हों, वरना कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला विद्यालययान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में कई विभागों के अधिकारी। ● अमृत विचार

- 756 वाहनों का किया गया निरीक्षण, 559 में मानक नहीं निकले पूरे
- ड्राइवर, परिचालकों के चरित्र प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस सत्यापित कराए जाएं

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दूबे की अध्यक्षता में हुई जिला विद्यालययान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए। कहा गया कि बिना निर्धारित मानकों के कोई भी वाहन या व्यवस्था स्वीकार नहीं होगी। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा और एआरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि 756 स्कूल वाहनों का निरीक्षण कर उन्हें पोर्टल पर जोड़ा गया है, जिनमें 229 का सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि 559 वाहन अब भी मानकों पर खरे नहीं उतर रहे। ऐसे सभी वाहनों को 15 मई तक फिटनेस, परमिट, बीमा सहित सभी जरूरी मानक पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि सभी ड्राइवर और परिचालकों का चरित्र प्रमाणपत्र, वैध ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य दस्तावेज सत्यापित कराए जाएं। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां ने बताया कि चरित्र सत्यापन में दिक्कत होने पर सीयूजी नंबर 9454401032 या एसएसपी कार्यालय की सिंगल विंडो से सुविधा ली जा सकती है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने एलपीजी युक्त वाहनों से बच्चों को न भेजने की सलाह दी। एडीएम ने हर स्कूल में परिवहन सुरक्षा समिति गठन और मॉक ड्रिल कराने को कहा। बैठक में करीब 110 प्रधानाचार्य, ट्रांसपोर्ट मैनेजर, शिक्षा व परिवहन विभाग के अधिकारी और अभिभावक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा प्रशासन के साथ-साथ अभिभावकों और स्कूलों की भी साझा जिम्मेदारी है।


## भाजपा को मिला मुस्लिम महिलाओं का समर्थन : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** बंगाल में भाजपा की जीत पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने निर्णायक जनादेश देकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया।

मौलाना ने कहा कि अभिषेक बनर्जी को लेकर भी जनता में असंतोष था, जिसके चलते सभी वर्गों हिंदू और मुस्लिम ने मिलकर सत्ता परिवर्तन का निर्णय लिया। भाजपा की प्रचंड जीत के पीछे मुस्लिम महिलाओं का खामोश समर्थन बड़ी वजह रहा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार की सक्रिय भूमिका और राज्य सरकार के रवैये से महिलाओं में बदलाव की भावना मजबूत हुई, जिसका असर मतदान में भी दिखा।

# मंडल में आईटीआई में रिक्त पदों पर की गई प्रशिक्षकों की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता बरेली



- मंडल में सर्वाधिक शाहजहांपुर में 9 , बरेली में 4 तथा पीलीभीत में 3 प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई

**अमृत विचार :** शासन की ओर से तकनीकी शिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षकों की तैनाती विभिन्न जिलों में की गई है। मंडल में सर्वाधिक शाहजहांपुर में 9 और बरेली में 4 तथा पीलीभीत में 3 प्रशिक्षकों की नियुक्ति हुई है। जबकि बदायूं में एक भी प्रशिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में शिक्षण व्यवस्था मजबूत होगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिल सकेगी।

संयुक्त निदेशक प्रशिक्षु रामराज यादव ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में विभिन्न ट्रेडों के लिए प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है। यह तैनाती युवाओं को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। इससे पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के रोजगारपरक कोर्स मजबूत होंगे।

सीबीगंज आईटीआई में सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस, सर्वेयर और आंवला में वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस ट्रेड, फरीदपुर में पेंटर जनरल ट्रेड में प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। पीलीभीत की बरखेड़ा आईटीआई में प्लंबर, वेल्डर, पीलीभीत आईटीआई में वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस ट्रेड के प्रशिक्षक तैनात किए गए हैं। शाहजहांपुर की जलालाबाद आईटीआई में कोपा, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर शाहजहांपुर आईटीआई में मैकेनिक (मोटर व्हीकल), सरफेस ऑर्नामेंटेशन (कढ़ाई), कटिंग-सीविंग टेक्नोलॉजी, पुवांया में आरएसी (रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग), ड्रेस मेकिंग, पेंटर जनरल ट्रेड में प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

# मानदेय बढ़ने के बाद शिक्षामित्रों को बांटे चेक




शिक्षामित्र को प्रतिकात्मक चेक देते जनप्रतिनिधि व डीएम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में मंगलवार को आयोजित समारोह में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने मानदेय बढ़ने के बाद शिक्षामित्रों को चेक वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान मानदेय वृद्धि का जश्न मनाया गया।

वनमंत्री ने कहा कि सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है, जो उनके योगदान का सम्मान है। कहा कि डिजिटल लैब, स्मार्ट क्लास से बेसिक स्कूलों की तस्वीर बदली है। शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जोड़कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी दी जा रही है। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी, डीएम अविनाश सिंह, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# लालकुआं-राजकोट के बीच बरेली होते हुए चलेगी विशेष ट्रेन

- बदायूं, कासगंज, जयपुर होते हुए पहुंचेगी राजकोट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकाल में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने लालकुआं से राजकोट के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन 17 मई से 12 जुलाई तक लालकुआं से प्रत्येक रविवार और 18 मई से 13 जुलाई तक राजकोट से प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा। कुल 9 फेरों के लिए यह ट्रेन चलाई जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि यह विशेष गाड़ी लालकुआं से दोपहर 12:35 बजे प्रस्थान कर किच्छा, बरेली, बदायूं कासगंज, मथुरा, भरतपुर, जयपुर होते हुए अगले दिन शाम 6:10 बजे राजकोट पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन राजकोट से रात 10:30 बजे चलकर इसी मार्ग से होते हुए तीसरे दिन सुबह 5:15 बजे लालकुआं पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें एलडब्ल्यूआरआरएम, एसएलआरडी, चार साधारण द्वितीय श्रेणी, छह शयनयान, चार एसी थर्ड इकोनॉमी, एक एसी द्वितीय और एक एसी प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का कोच शामिल रहेगा।

### टिकट और पार्सल बुकिंग में ऑनलाइन भुगतान बढ़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर टिकट और पार्सल बुकिंग में ऑनलाइन भुगतान का दायरा बढ़कर करीब 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिससे नकद लेनदेन में बड़ी कमी आई है। आरक्षित टिकटों के लिए लगभग 95 प्रतिशत भुगतान अब ऑनलाइन हो रहा है, जबकि पार्सल बुकिंग में तो शत-प्रतिशत डिजिटल भुगतान लागू हो चुका है। सामान्य टिकटों की बुकिंग में भी करीब 50 प्रतिशत यात्री ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं। पहले जंक्शन से प्रतिदिन 18 से 19 लाख रुपये तक बैंक में जमा होते थे, लेकिन डिजिटल भुगतान बढ़ने के बाद यह राशि घटकर औसतन 9 लाख रुपये रह गई है। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग से यात्रियों को सुविधा मिली है, साथ ही समय और संसाधनों की बचत भी हो रही है। रेलवे प्रशासन का मानना है कि ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा देने से न केवल कार्य प्रणाली अधिक दक्ष हुई है, बल्कि नकदी प्रबंधन की जरूरत भी कम हुई है। इस पहल से पारदर्शिता में भी इजाफा हुआ है।

## नेहा को अर्थशास्त्र में मिली पीएचडी

**बरेली, अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रो. नेहा गुप्ता को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर के एसोसिएट प्रो. डॉ. रतन लाल के निर्देशन में पूर्ण किया। नेहा गुप्ता का शोध विषय एन एनालिटिकल स्टडी ऑन सोशियो-इकनॉमिक इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन अंडर मनरेगा (स्पेशल रेफरेंस टू डिस्ट्रिक्ट बरेली-यूपी) रहा। शोध में उन्होंने मनरेगा योजना के तहत महिलाओं की भागीदारी और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण का विस्तृत विश्लेषण किया।



नेहा गुप्ता।

# दो दिन से मांझे में फंसी चील को फायर टीम ने बचाया



चील को पेड़ से उतारने के बाद देखते फायर कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारादरी क्षेत्र की रेजिडेंट्स कॉलोनी में दो दिन से मांझे में फंसी एक चील को अग्निशमन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर नई जिंदगी दी। मांझे में उलझकर चील पेड़ पर उल्टी लटकी थी और लगातार छटपटाने के बावजूद खुद को छुड़ा नहीं पा रही थी।

मंगलवार दोपहर फायर स्टेशन से टीम पहुंची। ऊंचे पेड़ पर फंसी चील तक पहुंचने के लिए दमकल कर्मियों ने मोटर फायर इंजन की लंबी सीढ़ी का सहारा लिया। एक कर्मचारी ऊपर चढ़ा और मांझे में उलझी चील को निकाल लिया। मांझे की धार से चील के पंख और पैर गंभीर रूप से घायल थे। टीम ने प्राथमिक उपचार देते हुए उसे पानी पिलाया और आगे के इलाज के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेज दिया।

## सिटी ब्रीफ

### रुविवि ने परीक्षा शेड्यूल किया जारी

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विभिन्न कोर्सों के सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की संभावित तिथि घोषित कर दी। विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी ऑनर्स एवं एग्रीकल्चर, बीएमएस, बीएचएम एवं सीटी, बीटेक, एमटेक के साथ पीएचडी, बीफॉर्मा, डीफॉर्मा, एमसीए, एमबीए, एमए, एमएससी, एमएसडब्ल्यू, परिसर बीएड, एमएड, एलएलएम और डिप्लोमा कोर्स के दूसरे, चौथे, छठवें और आठवें सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि घोषित मंगलवार को कर दी। संबंधित कोसी की संभावित परीक्षाएं 15 मई से शुरू होकर परीक्षाएं 17 जून तक चलेगी।

### भौतिक विज्ञान की मिडटर्म परीक्षा 12 को

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के बीएससी के भौतिक विज्ञान विषय के चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की मिडटर्म लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 12 मई और बीएससी के छठवें सेमेस्टर के छात्रों की 16 मई को दोपहर साढ़े 11 बजे से कॉलेज के न्यू परीक्षा भवन में आयोजित की जाएगी। विभाग प्रभारी प्रो. वीपी सिंह ने बताया कि निर्धारित तिथि को परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने वाले विद्यार्थियों की मिडटर्म परीक्षा दोबारा नहीं कराई जाएगी।

### ट्रेनों में चेकिंग, 62 हजार रुपये जुर्माना वसूला

बरेली, अमृत विचार : मंगलवार को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में टीम ने रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से कुल 20 ट्रेनों की गहन जांच की। 133 मामलों में कार्रवाई करते हुए 62 हजार रुपये राजस्व अर्जित किया गया। इनमें बिना टिकट यात्रा के 39 मामलों से 21,575, अनियमित यात्रा के 92 मामलों से 40,230 और धूम्रपान और गंदगी फैलाने के 2 मामलों से 300 रुपये का जुर्माना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के विशेष अभियान समय-समय पर ट्रेनों में चलाए जाते रहेंगे।

# हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार... विनती बारम्बार

## ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर शहर के हनुमान मंदिरों में की गई पूजा अर्चना, सुंदरकांड पाठ आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों पर भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिर परिसरों में सुंदरकांड के साथ हनुमान जी का विशेष पूजन और श्रृंगार किया गया। मंदिरों को फूलों के साथ फलों से भी सजाया गया। हनुमान जी के श्रृंगार के बाद संध्याकाल में आरती का आयोजन किया गया। भक्तों के लिए दिनभर मंदिरों में भंडारों का आयोजन होता रहा।

हार्टमैन कॉलेज के पास स्थित बड़ा बाग हनुमान मंदिर में हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह से देर शाम तक भक्तों ने हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। दिन भर मंदिर परिसर में भक्त हनुमान चलीसा पाठ करते रहे। भक्तों के लिए मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, भाजपा आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



हार्टमैन कॉलेज के पास स्थित बड़ा बाग हनुमान मंदिर में पूजा करने को जुटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार



हनुमान जी का किया श्रृंगार।

● पूजन- आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया

### तपेश्वर नाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

बरेली, अमृत विचार : तपेश्वर नाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। संगीतमय सुंदरकांड पाठ में भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और आरती संपन्न हुई। मंदिर परिसर बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर के पुजारी पंडित बिशन चंद शर्मा, सौरभ दीक्षित, पवन शर्मा, अमन दीक्षित, मंजू शर्मा, सत्यपाल आदि का सहयोग रहा।



सिविल लाइन हनुमान मंदिर में आरती करते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बड़े मंगल पर हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया



बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिरमें ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। महिला एवं पुरुष संकीर्तन मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर के प्रधान राकेश नरूला ने बताया कि इस वर्ष पुरुषोत्तम मास होने के कारण आठ बड़े मंगल का विशेष संयोग बना है, जो श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत शुभ है। प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में संगीतमय पाठ का आयोजन किया जाएगा। अंत में भगवान को विशेष भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में बृजमोहन कक्कड़, उमेश धमीजा, हरीश खन्ना सहित कई गणमान्य लोगों का सहयोग रहा।



तपेश्वर नाथ मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्री सोमनाथ मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का श्रद्धालुओं ने किया पाठ

बरेली, अमृत विचार : प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में मंगलवार शाम भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस वर्ष ज्येष्ठ और पुरुषोत्तम मास के संयोग से आठ बड़े मंगल के दुर्लभ अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंडित गोपाल कृष्ण मिश्रा ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। अमर सिंह, आशुतोष गोयल, रविंद्र शर्मा, योगेश गिरी गोस्वामी, भुवनेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, यूजी रस्तोगी, अजय अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, निरुपमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बड़े मंगल पर बाला जी मंदिर में किया गया विशेष आयोजन

बरेली, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर बदायूं रोड स्थित बाला जी मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठके बाद हनुमान चालीसा का पाठ और आरती हुई। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### जय हनुमान संत हितकारी पर झूम उठे श्रद्धालु

बरेली, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मुख्य पुजारी सुनील शास्त्री ने हनुमान जी का पूजन व श्रृंगार किया। शाम के सत्र में महिला मंडल ने सामूहिक रूप से सुंदर कांड का पाठ किया। रवि छाबड़ा ने जय हनुमान संत हितकारी.., संजय आनंद ने मंगल मूर्ति राम दुलारे..,जतिन दुआ ने हे दुख भजन मारुति नंदन.., पंकज ने संकट मोचन नाम तिहारो.., सचिन सेठी ने राधा नाम का संकीर्तन किया। सौरभ ने मुझे दाता तूने बहुत कुछ दिया है...भजन प्रस्तुत किया। भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती की। मंदिर परिसर में भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 26 मई से संत गोविंद गिरी महाराज श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे।

## केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया विश्व अस्थमा दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में ''विश्व अस्थमा दिवस'' का आयोजन किया गया। इस वर्ष 2026 की थीम एक्सेस टू एंटी-इंफ्लेमेटरी इन्हेलर्स फॉर एवरीवन विद अस्थमा स्टिल एंड अर्जेंट नीड रखी गई है। असिस्टेंट प्रोफेसर ऐश्वर्या यादव ने बताया कि अस्थमा एक गंभीर बीमारी है, जिसमें श्वास नली में सूजन और सिकुड़न के कारण सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई होती है।

बताया कि अस्थमा के सामान्य लक्षणों में सीने में जकड़न, खांसी और सांस लेते समय आवाज आना शामिल है। विशेषज्ञों ने जोर दिया कि लक्षणों के नियंत्रण के लिए इन्हेलर और दवाओं का सही उपयोग, उनकी मात्रा और तकनीक का ज्ञान होना आवश्यक है। इस शैक्षिक कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्रधानाचार्या निधि गंगवार, असिस्टेंट प्रोफेसर जीनव चंद्र पांडेय, सुगंधा सिंह, वर्षा सैनी, सृष्टि कटियाख् लक्ष्मी देवी, जगमोहन गंगवार, अनिल कुमार, अमित गंगवार, भावना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



अस्थमा को लेकर जानकारी देती असिस्टेंट प्रोफेसर ऐश्वर्या यादव। ● अमृत विचार

● विशेषज्ञों ने अस्थमा के लक्षण और बचाव की दी जानकारी

## रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया प्रभारी को किया निलंबित

बरेली, अमृत विचारः राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने विरोधी गतिविधियों के आरोप में जिला मीडिया प्रभारी कमलजीत सिंह को निलंबित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि कमलजीत सिंह सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर पार्टी की नीतियों के खिलाफ टिप्पणियां कर रहे थे जिससे पार्टी की छवि प्रभावित हो रही थी। उन्हें पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए निलंबित किया गया है। साथ ही 15 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर पार्टी से निष्कासन की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## डॉक्टरों ने बताया हाथों की स्वच्छता का महत्व

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा सोमवार को एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि हाथ संक्रमण के प्रसार का सबसे प्रमुख माध्यम हैं। यदि हाथ साफ न हों, तो वे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। विशेष रूप से डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए, कोविड-19, इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारियां हाथों के माध्यम से तेजी से फैलती हैं।

डॉ. घोष अहमद, डॉ. अनु शर्मा एवं पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट डॉ.अनिकेत शुक्ला ने बताया कि व्यक्ति दिनभर में कई सतहों (दरवाज़े के हैंडल, मोबाइल, पैसे आदि) को छूता है, जहां संक्रमणकारी जीवाणु मौजूद होते हैं। बिना हाथ धोए खाने या चेहरे को छूने से ये जीव सीधे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि सही तरीके से हाथ धोना संक्रमण रोकने का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। कम से कम 20 सेकंड तक साबुन और पानी से हाथ धोना चाहिए। हथेलियां, उंगलियों के बीच, नाखून और अंगूठे को अच्छी तरह साफ करना चाहिए। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जहां साबुन और पानी उपलब्ध न हो, वहां 60 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल युक्त हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करना चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने कहा कि हाथों की स्वच्छता अपनाकर हम न केवल स्वयं को बल्कि अपने परिवार और समाज को भी संक्रमण से सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छ हाथ, सुरक्षित जीवन का संकल्प लिया।



हाथों को स्वच्छ रखने की जानकारी देते डॉक्टर। ● अमृत विचार

● रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने किया जागरुकता कार्यक्रम

## रुविवि के छात्र किसानों को खेतों पर जाकर देंगे सलाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही कृषि हेल्प सेंटर शुरू किया जाएगा। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय के परास्नातक विद्यार्थी सीधे किसानों तक पहुंचकर उनकी फसलों से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का निवारण करेंगे। विश्वविद्यालय के आसपास के किसानों को इस केंद्र के माध्यम से विशेषज्ञ स्तर की सहायता मिलेगी। विद्यार्थी कृषि वैज्ञानिक की भूमिका निभाते हुए फसल में लगने वाली बीमारियों की पहचान, उनके उपचार और आधुनिक तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। आवश्यकता पड़ने पर छात्र खेतों पर जाकर भी किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। मीडिया प्रभारी विनय वर्मा ने बताया कि यदि किसान अपनी फसल में बीमारी से संबंधित नमूने लेकर आते हैं, तो उन्हें बीमारी की पहचान और उसके उपचार की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस पहल में एमएससी हॉर्टिकल्चर, एग्रोनॉमी और एग्रीकल्चर के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल होंगे, जिन्हें इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह हेल्प सेंटर न केवल किसानों के लिए मददगार साबित होगा। बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करेगा। खेतों पर जाकर कार्य करने से उनका तकनीकी ज्ञान और कौशल विकसित होगा।

● किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि हेल्प सेंटर शुरू होगा



## बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

शेरगढ़,अमृत विचार : बीईओ मुकेश कुमार भारती ने मंगलवार को ब्लॉक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को ब्लॉक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण को निकले बीईओ ने ब्लॉक के दर्जन भर से अधिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवीन नामांकन,एमडीएम,साफ सफाई,शारदा कार्यक्रम,ड्रॉप आउट बच्चों आदि के संबंध में जानकारी की।

## आंनद आश्रम में भागवत कथा का किया पारायण

बरेली, अमृत विचारः रामपुर बाग स्थित आंनद आश्रम में चल रही श्री भागवत रहस्य कथा का मंगलवार को पारायण हो गया। प्रेम रसिक संत श्री श्वेताभ महाराज ने बताया कि भगवान के अवतार के विभिन्न कारण होते हैं। इसके बाद संकीर्तन में सुमिरन कर ले मना, अनुपम रूप नीलमणि कोरी आदि भजनों में भक्त भावविभोर हो गए। सुबह के सत्र में नेमीशरण्य से आए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने प्रवचन दिया। वहीं ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार पर हनुमान बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। आनंद आश्रम समिति के मंत्री अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, विवेक आदि उपस्थित रहे।

## एरियर व पेंशन मामलों के निस्तारण का मिला आश्वासन

● प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने लेखाधिकारी से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को लेखाधिकारी से मिला। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर चर्चा की गई। लंबित एरियर, चयन वेतनमान प्रकरण व सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। लेखाधिकारी ने प्रकरणों के निस्तारण का आश्वासन दिया।

दमखोदा ब्लॉक के 33 शिक्षकों के चयन वेतनमान से संबंधित प्रकरणों पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई। जिन शिक्षकों के नाम पहले ही लेखा कार्यालय में पहुंच चुके थे, उन सभी फाइलों पर लेखाधिकारी के हस्ताक्षर करा दिए गए। एक मृतक शिक्षक के पेंशन प्रकरण का भी तत्काल समाधान किया गया। वेतन भुगतान को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि भुता ब्लॉक से इनपुट 30 तारीख को देर से पहुंचने के कारण वेतन में विलंब हुआ। इस पर संगठन पदाधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने ब्लॉकों से समय पर इनपुट भिजवाने में सहयोग करें। लेखाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि समय पर इनपुट उपलब्ध हो जाए, तो हर माह की पहली तारीख को वेतन आहरित कराने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। इस दौरान केसी पटेल, मनोज गंगवार, मोर किशोर मौर्य, प्रियंका भास्कर, समर पाल चौहान, सौरभ गंगवार आदि मौजूद रहे।



लेखाधिकारी को समस्याएं बताते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### सिविल डिफेंस के नए चीफ वार्डन रंजीत का किया स्वागत

बरेली, अमृत विचार : सिविल डिफेंस सेवा में नए चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ का अलखनाथ डिवीजन पर भव्य स्वागत किया गया। केक काटकर खुशी मनाई गई। डिवीजनल वार्डन अंजय कुमार अग्रवाल ने विश्वास जताया कि रंजीत वशिष्ठ के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर, संजय पाठक, कलीम हैदर सैफी आदि मौजूद रहे।



### दूसरे स्थापना दिवस पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन



कैंट, अमृत विचार : लालफाटक बदायूं रोड पर स्थित न्यू श्री नारायणा अस्पताल में ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगलवार को दूसरा स्थापना दिवस मनाया गया। अस्पताल में भगवान राम सह बालाजी का दरबार लगाया गया। पंडित पवन पाठक द्वारा संगीतमयी सुन्दरकांड का पाठ तथा भजन कीर्तन के बाद हवन पूजन किया गया। आरती उपरांत हलवा चने का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ विवेक कुमार, चेयरमैन ठाकुर हरीश रावत, डॉ राजा गुप्ता, डॉ जयंत वर्मा, डॉ अमित कुमार, व्यवस्थापक सलीम, ऋषि पाल पटेल, विनोद पटेल, नन्हे यादव आदि उपस्थित रहे।

### घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे सांसद नीरज मौर्य

बरेली, अमृत विचार : आंवला सांसद नीरज मौर्य मंगलवार को सिद्धि विनायक अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने ग्राम सरदार नगर में वाटर टैंक ढहने से घायल मजदूरों वीरपाल, रविंद्र, डोरीलाल, अर्जुन और वेदपाल का हाल जाना और डॉक्टरों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। पीड़ित परिवारों की व्यथा सुनने के बाद मौर्य ने उन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर त्वरित न्याय, उचित मुआवजा और हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान उनके साथ नरेंद्र गौतम, पीयूष वर्मा, शिवकुमार शाक्य सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

